राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर

प्लाट नं. 6, एवरेस्ट कॉलोनी, एपेक्स मॉल के पास, लाल कोठी, जयपुर।
Website : rajasthanparamedicalcouncil.org, Contact : 0141-2973804, 2988946

द्वारा/ई–मेल

क्रमांकःपैरामेडि.कौ./परीक्षा–3/2018/295 दिनांकः 28/12/18

प्रधानाचार्य,
समस्त सम्बद्ध पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थान
राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल,
जयपुर, राजस्थान

विषयः– पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों की परीक्षा की मूल अंकतालिकाओं में संशोधन एवं डूप्लीकेट अंकतालिकाओं जारी करने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख हैं कि राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षाओं के पश्चात् जारी की गई परीक्षा परिणामों की अंकतालिकाओं में वर्तनी संबंधी त्रुटि सुधार हेतु परिषद् कार्यालय में छात्र/छात्राओं द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये जा रहें हैं। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा मूल अंकतालिका खो जाने के कारण डूप्लीकेट मार्कशीट्स की भी मांग की जा रही है। अंकतालिका में संशोधन अथवा डूप्लीकेट अंकतालिका जारी करने पर प्रति अंकतालिका 200/– रूपये शुल्क निर्धारित किया गया है।

संबंधित छात्र/छात्रा 200/– का डिमान्ड ड्राफ्ट, (D.D.) रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर, के पक्ष में देय, संलग्न कर चाहे गये सुधार हेतु उचित प्रमाण की स्वप्रमाणित प्रतिलिपि, नामांकन क्रमांक (Enrollment no.), शैक्षणिक सत्र एवं पाठ्यक्रम के उल्लेख सहित अपने महाविद्यालय/संस्थान को आवेदन प्रस्तुत करेंगें। तत्पश्चात् कॉलेज/संस्थान प्राप्त आवेदन/आवेदनों को परिषद् कार्यालय को आगामी कार्यवाही हेतु अग्रेषित करेंगें।

संशोधित/डूप्लीकेट अंकतालिकाएं, पैरामेडिकल महाविद्यालय/संस्थान के माध्यम से ही संबंधित छात्र/छात्रा को वितरित की जायेगी।

(सुनिता चौधरी)
आर.ए.एस.
रजिस्ट्रार

क्रमांकःपैरामेडि.कौ./परीक्षा–3/2018/295 दिनांकः 28/12/18

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, माननीय मंत्री, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान।
3. शासन संयुक्त सचिव, चिकित्सा (ग्रुप–3) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
4. अध्यक्ष राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
5. निजी सचिव, रजिस्ट्रार, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
6. परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
7. उप परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
8. प्रवेश/कॉउसिंल शाखा, राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल, जयपुर।
9. सर्वर रूम (राजस्थान पैरामेडिकल कौंसिल) को प्रेषित कर लेख है कि वेबसाईट पर आज ही अपलोड कराकर सूचित करें।
10. रक्षित पत्रावली।

रजिस्ट्रार